दिनांक 20.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के सभागार में आज दुर्ग खाद्य विभाग के सहायक खाद्य अधिकारी श्रीमती एफ0एल0 द्विवेदी एवं श्रीमती पवित्रा अहिरवार एवं श्रीमती दीपा वर्मा खाद्य निरीक्षक ने भिलाई के 142 दुकानदारों की विभिन्न मुद्दो पर मिटिंग ली।

मिटिंग में बताया गया कि गलत आधार नम्बर, आधार कार्ड के आधार पर गलत पता, एवं दो जगह में नाम वाले राशन कार्ड को सत्यापन कराकर निरस्त करने हेतु निर्देशित किया गया। शेष राशन कार्डधारियों का आधार नम्बर लिंक कराने एवं दो जगह पर राशन पाने वाले हितग्राहियों का सत्यापन कराकर राशन कार्ड निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी की जानकारी दी गई। और जिन राशन कार्डों का लिंकप नहीं हो रहा है उनका आधार नम्बर लेकर खाद्य विभाग दुर्ग में जमा करें। मृत राशनकार्ड धारियों का सत्यापन पार्षद से कराकर दुर्ग खाद्य शाखा में जमा करें। समीक्षा बैठक में नाडल अधिकारी खाद्य चन्द्रपाल हरमुख, श्रीमती रीता चतुर्वेदी, सहित निगम क्षेत्र के राशन दुकान संचालक मौजुद थे।

जनसम्पर्क अधिकारी